हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 14 मई 2024

11 उल्लास कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक ...



12 19 बच्चे 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लिए, दीपक...



इस कटिंग के साथ सागर चाय 250 ग्राम का 1 रेपर व अपनी फोटो नाम व पता के साथ Whatsapp करें। और हर महीने के आखिरी दिन 1 SUJATA JMG लक्की ड्रा में जीतने को सुनहरा मौका पाएं।
सागर चाय
MITTAL TRADING CO.
Jain Chowk, Bhiwani
Mob: 92152-43212

# नोटिस दिए जाने के विरोध में बिफरे आरओ प्लांट संचालक

## मंगलवार से पानी नहीं देने का ऐलान, एसडीएम व उपायुक्त से मिले

■ उपायुक्त से कार्रवाई न करने की गुजारिश की

हरिभूमि न्यूज भिवानी

जिला प्रशासन द्वारा कैम्पर आर ओ प्लांट संचालकों को नोटिस जारी किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। एसडीएम व उपायुक्त से मुलाकात की। वहां पर सकारात्मक जवाब न मिलने के बाद आरओ संचालकों ने आंदोलन का ऐलान करते हुए मंगलवार से पानी की सप्लाई न दिए जाने का फैसला लिया। साथ ही शहर में प्रदर्शन किया जाएगा। जिसको लेकर सोमवार दोपहर बाद आर ओ संचालकों ने आपस में तालमेल करना आरंभ कर दिया। आरओ संचालकों का आरोप था कि सर्विस सेंटर, टैंकरों से पानी की बर्बादी की जा रही है,लेकिन वे लोगों के घरों तक पानी की सप्लाई दे रहे है,लेकिन प्रशासन उनको बंद करवाना चाह रहा है।

शहर के तीन आरओ प्लांट संचालकों को नोटिस जारी करने के विरोध में सभी आरओ संचालक उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और उपायुक्त से उनको खिलाफ कार्रवाई न करने की गुजारिश की। जिस पर उपायुक्त ने भूमि से पानी निकाले जाने की अनुमति लेने की कही।



भिवानी। नोटिस दिए जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपते आरओ प्लांटसंचालक। फोटो : हरिभूमि

### आज से नहीं देंगे कैंपर

उपायुक्त व एसडीएम की तरफ से सकारात्मक जवाब न मिलने के बाद सभी आरओ संचालकों ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि वे मंगलवार को प्लांटों को बंद रखेंगे। किसी भी इलाके में पीने के पानी के कम्पर नहीं रखे जाएंगे। सभी आर ओ संचालक नेहरू पार्क में एकत्रित होंगे और आगे की रणनीति करेंगे। इसी दौरान फैसला लिया जाएगा कि वे आरओ प्लांटों को बंद रखेंगे या फिर जिला प्रशासन के खिलाफ आंदोलन अख्तियार करेंगे। आर ओ संचालकों ने बताया कि वे भूमिगत पानी निकालते हैं,लेकिन बर्बाद नहीं करते। वे लोगों के घरों तक पानी की सप्लाई दे रहे है,जबकि शहर में अनेक जगहों पर वाहनों को धुलवाने के लिए सर्विस सेंटर लगे हुए है। जो कि पानी की बर्बादी कर रहे है। उनको अभी तक नहीं रोका व टोका जा रहा है।

### एक विभाग से दूसरे के कटवाए जा रहे चक्कर

इस पर आरओ संचालकों ने बताया कि आज तक उनको यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि वे भूमिगत पानी लेने के लिए किस विभाग से सम्पर्क करें। अगर वे सिंचाई विभाग से अनुमति लेने के लिए जाते हैं तो उनको पब्लिक हेल्थ विभाग में भेज दिया जाता है और वे पब्लिक हेल्थ में जाते हैं तो वहां बताया जाता है कि उनके पास इस तरह से कोई प्रमिशन देने की हिदायत नहीं है। आर ओ संचालकों ने बताया कि वे ऐसी स्थिति में कहां जाए। इस पर उपायुक्त ने कहा कि वे 15 मई के बाद सभी आरओ प्लांट संचालकों को नोटिस जारी करके उनको सील करने की कार्रवाई करेंगे। उसके बाद सभी आर ओ संचालकों को एसडीएम के पास भेज दिया। एसडीएम की तरफ से भी नकारात्मक ही जवाब मिला।

# नोडल अधिकारी अपने दायित्व का बखूबी करें निर्वहन : दलाल



भिवानी। बैठक में दिशा निर्देश देते एसडीएम मनोज कुमार दलाल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज : तोशाम

लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत चुनावी कार्य संबंधी विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने के लिए तैनात विभिन्न नोडल अधिकारियों की बैठक सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल की अध्यक्षता में उपमंडल परिसर भवन स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में विभिन्न नोडल अधिकारियों को एसडीएम ने उनके कार्य व दायित्व की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने नोडल अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन सुनिश्चित बनाएं।

इस मौके पर अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव संबंधी विभिन्न दायित्वों की जिम्मेदारी भी सौंपी। एसडीएम ने 14 व 15 मई को पीठासीन अधिकारी, वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की तैयारियों की भी समीक्षा की। एसडीएम दलाल ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपनी-अपनी तैयारी पूर्ण कर लें, इसमें किसी प्रकार की कोताही न हो। एसडीएम दलाल ने लोकसभा निर्वाचन के निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर विभिन्न नोडल अधिकारियों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर चर्चा और समीक्षा की।

### तैयारियों का लिया जायजा

उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के वैधानिक कार्यान्वयन में त्रुटियों की कोई भी संभावना नहीं है, ऐसे में सभी संबंधित अधिकारियों को कर्तव्य, निष्ठा के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित बनाना होगा और बेहतर कार्य निर्वहन के लिए भारतीय चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित दिशा-निर्देशों की संपूर्ण जानकारी होनी भी आवश्यक है। उन्होंने चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में मतदान कर्मियों को दिए जाने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का भी जायजा लिया।

**ये रहे मौजूद** : इस मौके पर तहसीलदार अंकित बैनीवाल, बीडीपीओ सुमित बैनीवाल, नायब तहसीलदार रीतू पूनियां, खंड शिक्षा अधिकारी विजय सांगवान, ललित कुमार, प्राचार्य सुनील जैन, श्यामसुंदर सांगवान, डॉ महेंद्र सिंह, कानूनगो राजेन्द्र जाखड़, सुनील पटवारी आदि मौजूद रहे।

### गुरु गोरखनाथ अवतरण दिवस समारोह 23 को

**भिवानी।** सेवा नगर स्थित जोगीनाथ समाज धर्मशाला में श्रीजोगीनाथ समाज सेवा संस्था की बैठक प्रकाशचंद्र दूधिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 23 मई को गुरु गोरखनाथ अवतरण दिवस बैशाख पूर्णिमा गुरुवार विक्रमी संवत 2081 को मनाने का निर्णय लिया। बैठक का संचालन रामअवतार जोगी बौंदिया व सहसंचालन वेदप्रकाश लांबा ने किया।



भिवानी। सुलफा रखने का आरोपी पुलिस हिरासत में। फोटो : हरिभूमि

### डेढ़ किलो सुल्फा व 102 ग्राम अफीम सहित धरा

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने गांव तिगड़ाना से व्यक्ति को लाखों रुपये के मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपित की पहचान गोविंद पुत्र बारूराम निवासी मिताथल, जिला भिवानी के रूप में हुई है।

## राजकीय कन्या कॉलेज में चुनाव अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

■ सावधानी और व्यवहार कुशलता से चुनाव सामग्री देने व लेने का कार्य करें : एसडीएम

**लोहारू।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सहायक निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा नियुक्त चुनाव सामग्री लेने और देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सोमवार को लोहारू के राजकीय कन्या महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया और जरूरी जानकारी दी। एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि सावधानी व व्यवहार कुशलता से चुनाव सामग्री देने व लेने का कार्य करें ताकि लोहारू विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाया जा सके। उन्होंने चुनाव से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गंभीरता ,ईमानदारी और निष्ठा से अपनी ड्यूटी का भी निर्वहन करें।

## पीएनडीटी की जिला टास्क फोर्स एडवाइजरी कमेटी के समक्ष रखे दो मामले

■ सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजन हुआ

**भिवानी।** चौ. बंसीलाल राजकीय सामान्य अस्पताल में पीएनडीटी जिला टास्क फोर्स एडवाइजरी कमेटी की बैठक आयोजित हुई। सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में दो प्रस्ताव रखे गए, जिन पर विस्तार से चर्चा की गई।

सिविल सर्जन ने कहा कि एडवाइजरी कमेटी में रखे गए प्रस्तावों पर कमेटी सदस्यों की राय पर नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला में कन्याभ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और सूचना मिलते ही विभाग द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाती है। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. शांडिल्य की अध्यक्षता में स्पेस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और भिवानी मंगलम डायग्नोस्टिक सेंटर.भिवानी से संबंधित मामलों को कमेटी के समक्ष रखा गया। सिविल सर्जन डॉ. शांडिल्य ने कहा कि कमेटी में रखे गए सभी एजेंडों पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जिला में कन्या भ्रूणहत्या की पूर्ण रूप से रोकथाम के लिए पूरी सख्ती बरती जा रही है।



विशेष
अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस
15 मई

घर वह जगह है, जहां परिवार बसता ही नहीं, हमें रचता भी है। परिवार में ही हमारी परवरिश होती है, हमारे व्यक्तित्व का निर्माण होता है। यह परिवार ही होता है, जो जीवन की तपिश में शीतल छाया बनता है। हमारी खुशियां हमारे परिवार में ही हैं। परिवार जीवन का वो आधार है, जिसके बिना हम अस्तित्वविहीन हैं।

# हमारे अस्तित्व की धुरी है परिवार





आवरण कथा / सरस्वती रमेश

परिवार क्या है? क्या इसे पति-पत्नी और बच्चों के रूप में परिभाषित किया जाना चाहिए या परिवार की अवधारणा इससे कहीं विस्तृत है? सही मायने में देखा जाए तो परिवार वह जगह है, जहां हमें भावनात्मक संबल, आर्थिक सुरक्षा और मानसिक परिपक्वता प्राप्त करने के लिए अनुकूल वातावरण मिलता है। जहां प्रत्येक सदस्य रक्त संबंधों से अधिक प्रेम, विश्वास, भरोसे, जिम्मेदारी, अपनत्व के डोर से बंधा हुआ होता है। जहां अपनी खुशी से बढ़कर परिवार की खुशी होती है। जहां अपने दुख से बढ़कर परिवार का दुख होता है। परिवार के इसी महत्व और उसकी अहमियत को बताने के उद्देश्य से हर वर्ष 15 मई को पूरी दुनिया में 'अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस' मनाया जाता है।

## व्यक्तित्व निर्माण में परिवार का अमूल्य योगदान

बच्चे को जन्म लेते ही परिवार का साथ मिलता है, जिसकी छत्रछाया में पलकर वह बड़ा होता है। एक बच्चे का समाज उसके परिवार से ही शुरू होता है। परिवार उसे जीवन के तमाम मूल्यों की शिक्षा देता है या देने में सहयोग करता है। संस्कारों, आदर्शों, नैतिकता, मानवीयता जैसे गुणों की सीख दे,उसे समाज में रहने के योग्य बनाता है। असल में एक व्यक्ति को बनाने में परिवार का योगदान अमूल्य है। परिवार ही उसके अस्तित्व की धुरी होता है, जिस पर उसके व्यक्तित्व का निर्माण होता है।

## परिवार से होती है हमारी पहचान

हमारी पहली पहचान हमारे परिवार से ही होती है। हम जन्म लेते ही किसी के बेटे, पौत्र, भाई, बहन, बेटी आदि विशेषणों से जाने जाते हैं। परिवार हमारी दुनिया होता है और हम इस दुनिया के सबसे प्यारे-दुलारे सदस्य। बड़े होने पर इनसे परे भी हमारी एक पहचान बनती है। यह पहचान उन मूल्यों और पारिवारिक संस्कारों से बनती है, जिन्हें बड़े-बुजुर्ग हमें सौंपते हैं। हमारे व्यक्तित्व के पीछे परिवार की छाप सदैव रहती है।

## दर्द में मरहम बन जाता है परिवार

जब हम बहुत खुश होते हैं या बड़ी कामयाबी पाते हैं, तो हमें अपने घर-परिवार की याद आती है। जब हम बहुत दुखी-उदास होते हैं तब भी हमें परिवार की याद आती है। हम अपने परिवार से अपनी खुशी या दुख शेयर करना चाहते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हमारी खुशी से सबसे ज्यादा हर्षित और हमारे दुख से दुखी हमारा परिवार ही होता है। परिवार ही हमें हमारी कमियों और खूबियों के साथ स्वीकार कर हम पर भरोसा जताता है। गलती सुधारने के लिए हमें एक नहीं कई मौके देता है। हमारे अकेलेपन, निराशा, नाउम्मीदी के पलों में परिवार एक आशा बनकर हमारे साथ खड़ा रहता है। दुख के क्षणों में हमें टूटकर बिखरने नहीं देता। हमारा संबल बनता है। इसलिए परिवार के साथ के बिना हमारी सारी उपलब्धि और खुशियां अधूरी जान पड़ती हैं।

## परिवार है खुशियों की चाबी

परिवार में आपसी सहयोग और समर्थन की जैसी निःस्वार्थ भावना होती है, वह कहीं और नहीं मिलती। इसलिए परिवार के साथ खुश रहने के सौ बहाने मिल जाते हैं। परिवार हमारी चिंताओं को पल भर में हवा में उड़ा देता है। अमेरिका में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक जिन बच्चों को बचपन में परिवार का भरपूर साथ और प्यार-स्नेह मिलता है, वयस्क होने पर उनमें अवसाद के लक्षण मिलने की संभावना बहुत कम होती है। दरअसल, परिवार के साथ हम अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं। अपनी पसंद-नापसंद बता सकते हैं। अपने मन की उथल-पुथल शेयर कर हल्का महसूस कर सकते हैं। यही वजह है कि जब तक हमारे देश में संयुक्त परिवार की रीति मजबूत रही, अवसाद, तनाव जैसी बीमारियों से हम दूर रहे। लेकिन आज डिप्रेशन की समस्या बढ़ती जा रही है, क्योंकि लोग परिवार के बड़ों के प्यार और पग-पग पर मिलने वाले मार्गदर्शन से दूर होकर अकेले होते जा रहे हैं।

### अब दुनिया समझ रही परिवार का महत्व

एक व्यक्ति के जीवन में परिवार की अहमियत से हम सब वाकिफ हो चुके हैं। यही कारण है कि अब पूरी दुनिया में परिवार नाम की संस्था को मजबूत बनाने की दिशा में पहल की जा रही है। पश्चिमी देशों ने परिवार की संवेदनशीलता और देख-रेख की भावना के मूल्यांकन के लिए इसे 'केयर इकोनॉमी' का नाम दिया है। हालांकि मां की ममता, पिता के संरक्षण और परिवार के साथ का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। फिर भी परिवार संस्था को बचाने के लिए जो भी प्रयास हों, उसकी सराहना की जानी चाहिए।



अगर आप अपने परिवार में खुशहाली चाहती हैं तो परिवार में साथ रहने वाली सास-बहू, जेठानी-देवरानी और ननद-भाभी एक-दूसरे के प्रति सखी जैसा भाव रखें। इससे आपकी जिंदगी भी आसान हो जाएगी।



# परिवार की महिलाएं आपस में बनें सहेलियां

नया नजरिया / यासमीन सिद्दीकी

कभी-कभी फिल्मों के कुछ संवाद जेहन में कौंध जाते हैं। कुछ सोचने को बाध्य करते हैं। हम बात कर रहे हैं, किरन राव की फिल्म 'लापता लेडीज' की। यह फिल्म समाज के लिए एक जरूरी सवाल छोड़ती है। फिल्म में एक संवाद है 'हम महिलाएं जीवन भर अपनी सहेलियों को तलाशती हैं, लेकिन आपस में कभी सहेली नहीं बन पातीं।' यह सवाल ससुराल आकर अपने परिवार में रह रही महिलाओं के आपसी रिश्तों को विशेष रूप से उजागर करता है।

**बनें आपस में दोस्त:** एक नवविवाहिता जब शादी करके अपने ससुराल में आती है तो अपने प्रेम से रिश्तों को सींचकर नए जीवन को शुरू करती है। इस समय उसके मन के कोने में कहीं वो सखियां होती हैं, जिनके साथ वह अपनी हर परेशानी, बेचैनी को साझा करती थी, तनावों से मुक्त होती थी। लेकिन शादी के बाद अपनी तकलीफें साझा करने वाली सखियां छूट जाती हैं। ससुराल में कोई ऐसा नहीं दिखता, जिससे वे मन की बातें कहें, अपनी तकलीफें बांटें। फिल्म 'लापता लेडीज' के डायलॉग को देखें तो इसका सवाल बहुत मायने रखता है कि ससुराल जो एक बहू का अपना परिवार होता है, वहां परिवार में रहने वाली सासू मां, जेठानी-देवरानी, ननद-भाभी आपस में सहेलियां क्यों नहीं बन पातीं? प्रायः देखा जाता है, परिवार की महिलाओं में कहीं न कहीं एक-दूसरे पर हावी होने की प्रवृत्ति होती है। लेकिन जरा सोचें, पारस्परिक प्रतिस्पर्धा को छोड़कर अगर परिवार की महिलाएं एक-दूसरे के साथ दोस्ती का रिश्ता निभाएं तो जीवन कितना आसान हो जाएगा। तो चलिए, फिल्म 'लापता लेडीज' की फूल जिस तरह अपनी सास से फ्रेंड बनने को कहती है, हम भी एक साथ रहकर फ्रेंड बनने की कोशिश करें। सबसे बड़ी बात है, जब परिवार में सास, बहू, देवरानी, जेठानी, ननद, भाभी सहेलियों के तौर पर रहेंगी तो परिवार सही मायने में खिलखिला उठेगा।

**किसी को बदलने की कोशिश ना करें:** हम अगर अपनी कुछ सहेलियों पर नजर डालें तो बहुत-सी हमसे अलग मिजाज की होती हैं, फिर भी हमारी उनके साथ बहुत गाढ़ी छनती है। कुछ ऐसा ही अंदाज परिवार में रहने वाली महिलाएं भी आपस में एक-दूसरे के साथ रख सकती हैं। कोई भी किसी को अपने जैसा बनाने की कोशिश ना करे।

**ना दोहराएं पुरानी बातें :** अकसर सास और जेठानी अपने समय की बातें लेकर बैठ जाती हैं। उनके समय में अगर कुछ गलत हुआ होता है तो वे कहीं ना कहीं उसे घर के रिवाज के साथ जोड़ लेती हैं। इतना ही नहीं, अगर बदले वक्त के अनुसार नई बहू को कुछ सुविधाएं मिलती हैं तो इस बदलाव का विरोध करने से वे चूकती नहीं। जैसे कि अगर उनके समय में मायके कम जाने दिया जाता था तो वे इसे परंपरा मान लेती हैं कि मायके तो कम ही जाना चाहिए। अगर उन्हें पति के साथ बाहर घूमने-फिरने का मौका नहीं मिला था तो वे चाहती हैं कि घर में आने वाली दूसरी बहुएं भी कुछ ऐसा करें। अगर आपकी यह सोच है तो इस सोच को बदलें।

**थोड़ा समय दें :** कहते हैं, वक्त बहुत बड़ा इलाज है। अगर आपको लग रहा है कि बहुत कुछ आपके अनुकूल नहीं है तो घबराएं नहीं। नए रिश्ते बनते हैं तो कुछ नई चुनौतियां भी लेकर आते हैं। ऐसे में खुद और परिवार को एक नए रिश्ते को समझने का समय दें। आप देखेंगी, बहुत से सवालों के जवाब आपको समय के साथ खुद ही मिल जाएंगे। बहुत-सी चीजों को इग्नोर करना सीखेंगी और धीरे ही सही लेकिन ना जाने कब घर की महिलाएं एक-दूसरे की सहेली बन गई हैं, पता ही नहीं चलेगा।



### मां ना सही, मां जैसी

यह सच है कि हमारे जीवन में मां की जगह कोई नहीं ले सकता, लेकिन घर में आने वाली नई बहू को भी समझना होगा कि जिस तरह से मां ने हमें बहुत कुछ सिखाया है, वैसे ही हमारी यह नई मां भी हमें सिखाने की कोशिश कर रही हैं। हां, उनका अंदाज हमारी मां से कुछ अलग हो सकता है। आप उनके साथ अपने संबंधों को खुला और सहज रखने की कोशिश करें।

# परिवार का असली रूप संयुक्त परिवार

अवधारणा / सोनम लववंशी

जब हम परिवार नाम की संस्था की बात करते हैं तो सर्वप्रथम जो स्वरूप उभरता है, उसमें माता-पिता, बच्चे और दादा-दादी के साथ चाचा-चाची भी आते हैं। परिवार का यही वृहत स्वरूप संयुक्त परिवार है। लेकिन समाज में बदलाव के साथ संयुक्त परिवार का ताना-बाना बिखर गया है। आज की युवा पीढ़ी को एकल परिवार ही रास आता है। लेकिन कोरोना जैसी महामारी के दौर से संयुक्त परिवार की अवधारणा को फिर बल मिला है।

**जड़ों से जुड़ाव :** गहराई से विचार करें तो बिखरे परिवारों का ना तो कोई अस्तित्व होता है और ना वे जड़ों से जुड़े होते हैं। सामाजिक सद्भाव, सामंजस्य और देखभाल करने के लिए एकल परिवारों से ज्यादा संयुक्त परिवार जरूरी हैं। जहां बच्चों को दादा-दादी का दुलार मिलता है, तो बहुओं को सास का प्यार-स्नेह। अकसर देखा गया है कि परिवारों की एकजुटता ही संकट में मनोबल बढ़ाती है। दरअसल, संयुक्त परिवार एक ऐसा वट वृक्ष है, जो विपत्ति में एक छाया बन कभी किसी सदस्य का मनोबल टूटने नहीं देता।



**खुशियों की कुंजी :** परिवार के सभी सदस्य आपस में भावनाओं की डोर से बंधे होते हैं। हर छोटी से छोटी खुशी सब परिवार के साथ साझा करते हैं। कहा भी जाता है कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह हंसी-खुशी का माहौल परिवारजनों के साथ रहकर ही संभव है। हमारे तीज-त्योहारों की रौनक भी हमारे अपनों के साथ से ही है। यही वजह है कि परिवार इन रिश्तों के जरिए संस्कृति और संबंध दोनों को सहेजने का काम करता है। दिलों को जोड़ने वाले सांस्कृतिक पर्व अपनों से भी जुड़ाव बनाए रखते हैं। तभी तो मन में उत्साह-उमंग जगाने वाली खुशियां अपनों के बिना अधूरी-सी लगती हैं।

डाइट सजेशन/डॉ. चेतना बंसल, न्यूट्रिशनिस्ट, दिल्ली

हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक रहने के लिए न्यूट्रिएंट्स से भरपूर डाइट की जरूरत परिवार के हर सदस्य को होती है। लेकिन एज के अनुसार सभी को अलग तरह के डाइट की जरूरत होती है। इस बारे में आपके लिए यूजफुल सजेशंस।

# फैमिली के सभी मेंबर्स रहेंगे हेल्दी-एनर्जेटिक



बचपन से लेकर बड़ी उम्र और ओल्ड एज तक में एज, जेंडर और एक्टिविटी के हिसाब से सभी को न्यूट्रिशस डाइट की जरूरत होती है। ऐसा ना होने पर फैमिली मेंबर्स बीमार हो सकते हैं। इससे बचने के लिए डाइट पर ध्यान देना जरूरी है।

**चिल्ड्रेन-टीनएज मेंबर्स:** पोषक तत्वों से भरपूर भोजन से ही हमारे कई जेनेटिक पैटर्न, शरीर और दिमाग विकसित हो पाता है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को हाई-प्रोटीन डाइट के साथ कैल्शियम और आयरन रिच फूड्स देने चाहिए। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के विटामिन वाले फूड्स भी बहुत जरूरी होते हैं। विभिन्न विटामिंस की कमी से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। जबकि कार्बोहाइड्रेट और फैट रिच डाइट ज्यादा लेने से आगे चलकर ओबेसिटी, हाइपरटेंशन, डायबिटीज, पीसीओडी, कार्डियोवैस्कुलर जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है। टीनएज के दौरान शरीर का विकास तेजी से होता है, इसके लिए प्रोटीन, विटामिन और कैल्शियम रिच डाइट लेनी जरूरी है। इस एज में मेटाबॉलिक रेट सबसे हाई होता है, जिससे भोजन आसानी से पच जाता है, जो शरीर को एनर्जी प्रदान करता है। इस स्टेज में हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियमरिच डाइट जैसे-दूध, मिल्क प्रोडक्ट्स, सोया, हरी पत्तेदार सब्जियां ज्यादा लेनी चाहिए। चाय, कॉफी जैसे कैफीनयुक्त पदार्थों का सेवन अवॉयड करना चाहिए। टीनएजर्स की डाइट में विटामिनयुक्त खाद्य पदार्थों को अधिक शामिल करना चाहिए।



**यंग-मिड एज मेंबर्स:** यंग और मिड एज के फैमिली मेंबर्स को न्यूट्रिएंट्स से भरपूर संतुलित आहार लेना जरूरी है। इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स युक्त खाद्य पदार्थों को ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए। इस एज की महिलाओं को भरपूर मात्रा में हरी सब्जियों और साग का सेवन करना चाहिए ताकि डिलीवरी के समय दिक्कत ना हो। डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से बचाव के लिए इस एज ग्रुप के मेंबर्स को नमक और चीनी का सेवन सीमित मात्रा में करना बेहतर है। इस उम्र के लोगों पर वर्क प्रेशर बहुत होता है, दिनचर्या अस्त-व्यस्त होने की वजह से डाइट का ध्यान रखना मुश्किल हो जाता है। लेकिन लापरवाही करना सही नहीं है। इस एज के लोगों को एनर्जी प्राप्त करने के लिए फाइबर और स्टार्चयुक्त खाद्य पदार्थों समेत केला, आलू, मशरूम जैसी पोटेशियम रिच डाइट लेना फायदेमंद है। तनाव को दूर करने और आयरन के अवशोषण में मददगार विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थ जरूर लेने चाहिए। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के बजाय होममेड फूड खाना चाहिए। बेकरी आइटम, पैक्ड फूड, प्रिजर्वेटिव फूड, चॉकलेट, कैंडी जैसी शुगर रिच डाइट को अवॉयड करना चाहिए। इसके अलावा सलाद और सब्जियों में हेल्दी ऑलिव ऑयल ले सकते हैं, जिससे कोलेस्ट्रॉल का लेवल कंट्रोल करने में मदद मिलती है। बोन डेंसिटी बढ़ाने के लिए कैल्शियम, विटामिन बी, डी और विटामिन के रिच डाइट लेना चाहिए।



**50 प्लस मेंबर्स :** इस एज ग्रुप के लोगों में मेटाबॉलिज्म रेट बहुत धीमा होने लगता है, जिससे बॉडी में रिलीज होने वाले एंजाइम्स और हार्मोंस कम होने लगते हैं। अल्जाइमर का रिस्क बढ़ जाता है। इस एज के फैमिली मेंबर्स की डाइट में प्रोटीन, विटामिन, मिनरल से भरपूर फल-सब्जियां और अनाज जरूर होने चाहिए। महिलाओं में मेनोपॉज के बाद मांसपेशियों में सालाना आधे से एक फीसदी की दर से गिरावट को देखते हुए हाई प्रोटीन और हाई फाइबर वाली डाइट का सेवन जरूरी है। इस एज में पाचन तंत्र और रोग प्रतिरोधक क्षमता वीक हाने लगती है। इसलिए तला, भुना, मिर्च, मसालों वाला हैवी फूड खाने से परहेज करना चाहिए। ओमेगा-3 फैटी एसिड का सेवन करना चाहिए। इसके नियमित सेवन से ब्लड में फैट लेवल नियंत्रित होता है, जिससे हृदय रोगों का रिस्क 50 प्रतिशत कम रहता है।

प्रस्तुतिःरजनी अरोड़ा

जुड़ाव / अशोक जोशी

आमतौर पर रक्त संबंध वाले परिजनों को ही परिवार माना जाता है। लेकिन इस परिवार से परे भी एक परिवार होता है, जिसे हम अपने आस-पड़ोस में और अपने कार्यस्थल पर बनाते हैं। इस परिवार के सदस्यों से भी हमें वास्तविक परिजन वाला जुड़ाव और अपनापन होता है।

# यह भी है हमारा प्यारा परिवार

हमारे देश-समाज में परिवार की परिभाषा बहुत व्यापक रही है। इसमें परिजन के अलावा वे लोग भी शामिल होते हैं, जिनका हमारे साथ दूर-दूर तक का रक्त संबंध नहीं होता है, लेकिन ये हमारे जीवन में बहुत मायने रखते हैं।

**समाज का एक अंग है परिवार :** परिवार केवल वह नहीं, जिसे हम माता-पिता, भाई, बहन, पति, पत्नी, मामा, चाचा या मौसी-बुआ जैसे नामों से संबोधित करते हैं। जब पति और पत्नी को छोड़कर यही संबोधन परिवार से जुदा लोगों के लिए किया जाता है तो वह जाने-अनजाने लोग भी हमारे परिवार का हिस्सा बन जाते हैं। परिजनों से परिवार बनता है और परिवार से बनता है समाज। यही समाज जब परिवार बन जाता है तो इसका महत्व और उपयोगिता परिवार से भी ज्यादा बढ़ जाती है।

**परिजन से कम नहीं पड़ोसी :** एक दौर था, जब सारा मोहल्ला हमारा परिवार हुआ करता था, सारे अड़ोसी-पड़ोसी हमारे परिजन जैसे थे। ऐसा कहा जाता है कि जरूरत के समय परिजन तो बाद में आते हैं, पहला हाथ पड़ोसी ही बढ़ाता है। समय के साथ-साथ इस व्यवस्था मे बदलाव आया है, लेकिन यह परंपरा अभी भी जिंदा है।

**सहकर्मियों से भी बनता है परिवार :** परिवार से परे परिवार का दायरा काफी बड़ा होता है। इसमें एक परिवार मोहल्ले या पड़ोसियों का होता है तो दूसरा परिवार हमारे ऑफिस या दफ्तर का भी होता है। वहां पर भी हम रोजाना सात-आठ घंटे जिनके संग गुजारते हैं, उनके साथ पारिवारिक आत्मीयता पनपना स्वाभाविक ही है।



**होते हैं सुख-दुख के साथी :** एक जमाना था, जब मोहल्ले या कार्यस्थल के किसी व्यक्ति के परिवार में शादी-ब्याह होता था तो पूरा मोहल्ला या दफ्तर वाले एक साथ मिलकर सारे कार्यक्रम में हाथ बंटाते थे और बड़े से बड़ा कार्यक्रम आराम से संपन्न हो जाता था। आज ऐसे कार्यक्रमों का स्वरूप बदल गया है, फिर भी आज जब किसी के यहां मुसीबत आती है तो परिवार से परे वाले परिवार के लोग आगे आकर अपना सहयोग प्रदान करने से पीछे नहीं रहते हैं। परिवार से अलग किसी का ऐसा करना निश्चय ही बहुत संबल देता है।

**नए स्वरूप में प्यारी भावनाएं :** समय के साथ-साथ परिवार से परे परिवार का स्वरूप बदल रहा है। यह अच्छी बात है कि यह परिवार अब पहले से ज्यादा परिपक्व होने लगा है। इस नए परिवार में फ्लैट और अपार्टमेंट की सोसायटी के सदस्य जॉगिंग क्लब, लाफ्टर क्लब, किटी क्लब के सदस्य परिवार की तरह एक-दूसरे से जुड़ने लगे हैं। ये सदस्य नववर्ष से लेकर तीज-त्योहारो पर पारिवारिक आयोजन कर परिवार की तरह ही एक-दूसरे का हाथ थाम कर पारिवारिक दायित्व निभाते हैं। इसका अलग ही आनंद होता है।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### फसलों एवं बागवानी संबंधित जानकारी दी

**भिवानी।** कृषि विज्ञान केंद्र भिवानी तथा हिंदुस्तान गम एंड कैमिकल्स भिवानी के तत्वावधान में खंड कैरू के भानगढ़ में एक कृषि शिविर लगाया गया। जिसमें विभिन्न खरीफ फसलों एवं बागवानी संबंधित वैज्ञानिक जानकारी किसानों को दी गई। केवीके भिवानी से पधारे वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मुरारीलाल ने किसानों से जल.संरक्षण के उपायों की चर्चा की।

### वैश्य इंटरनेशनल स्कूल में मनाया मातृत्व दिवस

**भिवानी।** वैश्य इंटरनेशनल विद्यालय में मातृत्व दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के लिए गीत, कविता, नृत्य, शायरी व कार्ड मैकिंग से विचार व्यक्त किए। विद्यालय प्राचार्य करतार सिंह जाखड ने मां की महिमा का वर्णन करते हुए सभी महिला अध्यापिकाओं को मातृत्व दिवस की बधाई दी।

### भगवान परशुराम के जीवन पर डाला प्रकाश

**भिवानी।** आदर्श ब्राह्मण सभा ने स्थानीय कार्यालय पर सभा अध्यक्ष सीनियर अधिवक्ता सुनील शर्मा की अध्यक्षता में कार्यकारिणी के साथ भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। सीनियर डॉ. जीएन त्रिपाठी ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने जरूरतमंदों गरीब एवं पिछड़ों की मदद के लिए 21 बार युद्ध जीतकर सारी पृथ्वी को गरीबों को वापस कर दिया था।

### सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में मनाया मदर्स डे

**भिवानी।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में मदर्स डे उत्साह के साथ मनाया। मदर्स डे के उपलक्ष्य पर स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। स्कूल में अभिभावकों का स्वागत नन्हे-मुन्ने बच्चों ने तिलक लगाकर किया। मुख्यातिथि स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्राचार्या कीर्ति आहूजा ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप-प्रज्वलित करके व पुष्प माला चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

### कार्यक्रम में कलाकारों को किया सम्मानित

**भिवानी।** कान्हा हेल्थ एंड केयर फाउंडेशन द्वारा कोंट रोड सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में देशभर से अलग-अलग राज्यों से आए हुए कलाकारों ने भाग लिया तथा फाउंडेशन ने कलाकारों को सम्मानित किया।

### घर बैठे डाउनलोड कर सकते हैं वोटर कार्ड

**भिवानी।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई.ईपीआईसी की सुविधा शुरु कर रखी है। मतदाता घर बैठे चुनाव आयोग की वेबसाइट वोटर्सडॉटईसीआईडॉटजीओवीडॉट से फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

### आज की सफलता कल की उपलब्धियों का आगाज़

**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट एवं वैश्य मॉडल प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता शिवरतन गुप्ता ने कहा कि आज की सफलता कल की उपलब्धियों का आगाज़ है। वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहे। गुप्ता ने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र.छात्राओं को बधाई दी।

### 24 दिन बाद बसों का आवागमन हुआ शुरू

**बाढ़ड़ा।** बाढ़ड़ा बस स्टैंड परिसर में गेहूं के बैग व ढेरियां होने के कारण बीते करीब तीन सप्ताह से अधिक समय से वहां बसों का आवागमन बंद था जिसके चलते यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन अब बस स्टैंड परिसर में पड़े कुछ गेहूं का उठान होने के कारण जगह बन गई है और बसों का आवागमन बस स्टैंड पर होने लगा है।

---

## डीईओ ने सामाजिक चेतना केन्द्र की शुरूआत की

# उल्लास कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष और महिलाओं को बनाया जाएगा साक्षर

### जिले के 17400 अशिक्षित होंगे साक्षर, सितंबर में परीक्षा देकर वितरित किए जाएंगे प्रमाण पत्र

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

हर गांव, मोहल्ला, कस्बा, शहर में कोई भी अनपढ़ न हो इसके लिए विभाग की उल्लास कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसकी शुरूआत भिवानी जिले में सबसे पहले खंड बवानी खेड़ा से शुरू की गई हालांकि विभाग की निःशुल्क वाहन यात्रा कार्यक्रम की सुविधा भी अधिकारियों की बदौलत बवानी खेड़ा खंड से ही की गई थी।

वहीं केन्द्र सरकार की योजना नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत उल्लास जिसमें 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के पुरूष या महिलाएं आदि इसमें शिक्षा ग्रहण करके अपने उपर लगे अनपढ़ता के दाग को धोने का कार्य करेंगें, जिसकी शुरूआत बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए सैंटर की शुरुआत जिला शिक्षा अधिकारी नरेश महता ने की। यह सैंटर विद्यालय की छुटटी होने पश्चात लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम में उल्लास जिला कोर्डिनेटर मुकेश महता, कार्यकारी बीईओ आनंद शर्मा, सीआरसी संतोष भाकर, नवीन कुमार, विजयपाल, विजय कुमार, राज कुमारी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

#### वार्ड व गांव वाइज डाटा तैयार किया

शिक्षकों ने सर्वे करके ढूंढ़ निकाले अशिक्षित बवानी खेड़ा कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार शर्मा ने सभी सीआरसी को आदेश देकर उनके आधीन आने वाले सभी विद्यालय मुखियाओं को यूजरआईडी पासवर्ड की सहायता से सर्वेयर बनाने के आदेश दिए थे जिसको लेकर सीआरसी द्वारा सभी विद्यालय हेड को इस कार्य को ऑनलाइन पूर्ण करने व वार्डवाइज अशिक्षित का डाटा एकत्रित करने के आदेश दिए जिसको लेकर शिक्षकों ने वार्डवाइजए गांव वाइज इसका डाटा तैयार किया।



बवानीखेड़ा। उल्लास कार्यक्रम में संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी नरेश महता। फोटो : हरिभूमि

#### बवानीखेड़ा में सेंटर

बवानी खेड़ा कलस्टर में तकरीबन 275 व भिवानी जिले में तकरीबन 17400 अशिक्षित को शिक्षित करने का कार्य किया जाएगा। सोमवार को बवानीखेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए सैंटर की शुरूवात करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी नरेश महता ने बताया कि इस कार्य में वालंटियर टीचर अपनी अहम भूमिका अदा करेंगें। बवानी खेड़ा में रामासंवमावि को सैंटर बनाया गया है। जिसमें 200 घंटे की पढ़ाई करनी जरूरी है। विद्यालय की छुटटी पश्चात शिक्षा ग्रहण करवाएंगें और सितंबर में इनकी परीक्षा का आयोजन करवाया जाएगा उसके बाद प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगें।

---

### शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कर लोकतंत्र को बनाएं मजबूत

# मतदान की महत्ता को समझें व मताधिकार का प्रयोग करें

नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था व चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप द हरियाणा राज्य भारत स्काऊट्स एंड गाइड्स ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था व चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप द हरियाणा राज्य भारत स्काऊट्स एंड गाइड्स ने सोमवार को संयुक्त रूप से हांसी गेट स्थित विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। संगठन पदाधिकारियों ने नागरिकों को समझाया कि शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्ति करके ही हम लोकतंत्र को मजबूत बना सकते है, ऐसे में प्रत्येक मतदाता जरूर मतदान करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पर्यावरण प्रेमी जेई बिजेश जावला व वार्ड नंबर-25 के पार्षद विनोद प्रजापति मुख्य रूप से पहुंचे तथा नागरिकों को मतदान का महत्व बताया।

नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी एवं चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप के सीनियर रोवर अमित कुमार ने कहा कि युवावर्ग देश का भविष्य है तथा युवाओं को लोकतंत्र की मजबूती में मतदान के महत्व से अवगत होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मतदान करना बहुत ही जरूरी है। इस अवसर पर अमित कुमार, नितेश, सिद्धार्थ, सोनू, नितिन, विवेक, पार्थ, आदित्य, अमित, महक वर्मा, श्रीयांश, देव, यमन,




भिवानी। मतदान को लेकर जागरूकता रैली निकालते अनेक संगठनों के सदस्य व स्काऊट्स एंड गाइड्स।

#### मतदान कर करें अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव

जेई जावला व पार्षद विनोद ने कहा कि मतदान से ही हम अच्छा प्रतिनिधि चुनते हैं। देश में अपना प्रतिनिधि एवं मनचाही सरकार चुनने का यही तरीका है तथा यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती भी है, इसलिए प्रत्येक मतदाता को मतदान में जरूर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जितने ज्यादा लोग मतदान के महत्व को समझ पाएंगे, हमारा लोकतंत्र भी उतना ही ज्यादा मजबूत होगा, इसलिए मतदान की महत्ता को समझे।

### हेमंत सैनी टीम ने लघु नाटिका के माध्यम से बताया वोट का महत्व

**भिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी एवं कार्यक्रम सहायक जयशंकर के तत्वधान में स्वीप कार्यक्रम के तहत समिति के सदस्यों ने ने बस स्टैंड पर लघु नाटिका का जोरदार मंचन किया। नाटक के माध्यम से समिति के सदस्यों ने वोट के महत्व पर प्रकाश डाला और नागरिकों से लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने का आह्वान किया। नाटक में दर्शाया कि भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदान का समान रूप से अधिकार दिया गया है। नागरिकों को अपने मत का प्रयोग अवश्य किया जाना चाहिए। नाटक में पुरुषों के मन में महिलाओं को मतदान के लिए ले जाने के प्रति उदासीनता को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत करते हुए उन्हें भी इस महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। हम जब मतदान करेंगे तभी स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण होगा।




**मतदान हमारा अधिकारः** जिला युवा अधिकारी रोहित यादव ने कहा कि देश का नागरिक होने के नाते मतदान हमारा अधिकार है, इसलिए किसी प्रकार के प्रलोभन में न आकर स्वेच्छा से सोच विचार कर योग्य व्यक्ति के पक्ष में मतदान अवश्य करें। इस अवसर पर हेमंत सैनी, श्रुति, आंचल, रिया, पुनीता भावना, प्रियंका, कल्पना, वंदना, ललिता, तुषार, अभय व साहिल आदि उपस्थित रहे।

---

## डूडीवाला ने मित्र मिलन समारोह में मनाया मातृ दिवस



**चरखी दादरी।** हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील डूडीवाला द्वारा मित्र मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें दादरी शहर व आसपास के गांव से लोगों ने शिरकत की। समारोह में 25 तारीख को अधिक से अधिक मतदान करने व अपने आसपास के सभी मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया। डूडीवाला ने समारोह में उपस्थित मातृशक्ति के साथ केक काटकर मातृ दिवस मनाया।

## दिव्यांग मतदाताओं के लिए सक्षम एप वरदान : डीसी

- दादरी व्यापार मंडल ने मतदाता जागरूकता को लेकर की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लोकसभा आम चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी वर्गों सामान्य मतदाताओं के साथ-साथ दिव्यांग मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का प्रयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से आयोग द्वारा सक्षम एप बनाया गया है। यह एप दिव्यांग मतदाताओं के लिए वरदान है। इस एप के माध्यम से दिव्यांग मतदाता व्हीलचेयर व पोलिंग बूथ तक आवागमन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल ने बताया कि आयोग का सक्षम एप दिव्यांगजनों को चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए बनाया गया हैं।

उन्होंने बताया कि जिला भिवानी के चारों विधान सभा क्षेत्रों में 7495 दिव्यांग मतदाता हैं। सक्षम एप के साथ.साथ आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट की भी सुविधा दी गई है।

---

# वोट डालने पर मिलेगा डिस्काउंट

- रेहड़ीवालों से लेकर बड़े दुकानदार तक करेंगे सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी के व्यापार मंडल ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर नई पहल की है। वोट प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में व्यापार मंडल ने वोट करने वाले मतदाताओं को 26 मई को ज्यादातर चीजों पर 25 प्रतिशत तक छूट देने का निर्णय लिया है, जिसमें रेहड़ीवालों से लेकर बड़े दुकानदार तक सहयोग करेंगे।

नगर आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त के साथ आयोजित बैठक में ये निर्णय लिया। सोमवार को मंडल पदाधिकारियों ने एडीसी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. जयेन्द्र सिंह के साथ मिलकर जिले में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए चर्चा की। व्यापारियों ने कहा कि दुकानदार से पहले वे एक जागरूक मतदाता हैं और देश के लिए मतदान की अहमियत को समझते हैं, ऐसे में पूरा व्यापार मंडल प्रशासन के साथ मिलकर वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए काम करने को राजी है, जब तक हर मतदाता अपने वोट का महत्व समझते हुए चुनाव के दिन मतदान केन्द्र पर जाकर वोट नहीं डालेगा। उन्होंने कहा कि तमाम पहलुओं पर ध्यान करने के बाद व्यापार मंडल ने स्वेच्छा से निर्णय लिया कि दादरी के बाजारों में वोट करने वाले लोगों को 26 मई को 25 प्रतिशत छूट दी जाएगी। संबंधित व्यक्ति को अपने हाथ पर स्याही का निशान दिखाना होगा।



भिवानी। बैठक में व्यापारियों से चर्चा करते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

### स्कूली बच्चों ने कादमा में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**बाढ़ड़ा।** स्कूली बच्चों द्वारा कादमा में सोमवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, जणे जणे न समझावंगे वोट डालन जावांगे आदि नारों के साथ कादमा बाजार में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

दिव्या पब्लिक स्कूल ऊण के विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई इस रैली को सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बाढ़डा सुरेश कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर हरी झंडी दिखाते हुए एसडीएम ने कहा कि 25 मई के दिन लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी जरूरी है।

# मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल के निर्देशानुसार एडीसी हर्षित कुमार की अध्यक्षता में बवानीखेड़ा के मास्टर ट्रेनरों को चुनाव से जुड़ी प्रक्रियाओं का लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में प्रशिक्षण दिया गया।

चुनाव प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी ने बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के 14 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनरों को चुनाव प्रक्रिया संबंधित आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। बवानीखेड़ा के एआरओ एवं एडीसी हर्षित कुमार ने बताया कि 14 व 15 मई को ये मास्टर ट्रेनर चुनाव से संबंधित पीठासीन अधिकारियों व पोलिंग अधिकारियों को ईवीएम व वीवीपैट की ट्रेनिंग देंगे तथा मतदान की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताएंगे। अतिरिक्त नोडल अधिकारी ने ट्रेनिंग के दौरान बताया कि इस बार चुनाव में प्रत्येक पोलिंग पार्टी को तीन मशीने दी जाएगी, जिसमें एक बैल्ट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व एक नई मशीन वीवीपैट होगी। वीवीपैट के माध्यम से प्रत्येक मतदाता को उसके द्वारा डाली गई वोट का पूरा रिकॉर्ड मिलेगा। प्रत्येक वीवीपैट में 1500 वोट तक का रोल होगा। वोट डलने के बाद प्रत्येक मतदाता को वीवीपैट से एक पर्ची मिलेगी।



भिवानी। चुनावी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

### मां की सेवा सबसे बड़ा धर्म व चारों धाम की यात्रा के समानः प्राचार्या

# छात्रों ने मां के प्रेम व त्याग से करवाया रूबरू

- महावीर जैन स्कूल में मातृ दिवस पर अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मातृ दिवस के उपलक्ष्य में महावीर जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर अपनी माताओं के निःस्वार्थ प्रेम, त्याग एवं समर्पण से रूबरू करवाया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक कविताएं सुनाकर भी उपस्थित सभी का मनमोह लिया। इसके अलावा निखिल, भूमि, जिया, अन्नु, चाहत, दुष्यंत व मोली ने नाटक के माध्यम से मातृ दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला, जिसे न केवल विद्यार्थियों, बल्कि अध्यापकों ने भी खूब सराहा। प्राचार्या पुष्पा शर्मा ने कहा कि प्रतिदिन अपनी मां को सम्मान व प्रेम देना चाहिए। मां की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म व चारों धाम की यात्रा करने बराबर है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मां अपने बच्चों के लिए संघर्ष करती है तथा बच्चों के लिए सर्वस्व त्याग देते है, उसी प्रकार बच्चों का भी कर्तव्य है कि उन्हें सम्मान दें। उन्होंने कहा कि वैसे तो मां का सम्मान जीवनभर करना चाहिए, लेकिन वर्ष में एक सिर्फ दिन मां के लिए समर्पित होना चाहिए।



भिवानी। मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## स्वीप टीम के सदस्यों ने किया मतदान के प्रति जागरूक



**चरखी दादरी।** स्वीप टीम के सदस्यों द्वारा लगातार दादरी व बाढ़ड़ा विधानसभाओं के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंच कर सभी को आगामी 25 मई को लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। टीम लगातार विभिन्न राजकीय विभागों, बैंकों, विद्यालयों, कॉलेजों, अस्पतालों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंच कर सभी को शत प्रतिशत मतदान का आहवान कर रहे है। उपायुक्त मंदीप कौर के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान की सभी जगहों पर सराहना की जा रही है। टीम सदस्य सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, द भिवानी सेंट्रल को कॉपरेटिव बैंक कादमा, पीएनबी नांधा व पीएनबी बेरला आदि में पहुंचे व सभी को अधिक से अधिक मतदान का संकल्प धारण करवाया। टीम सदस्यों सुंदरपाल फौगाट और हरपाल आर्य व अन्यों ने कहा कि बैंकिग क्षेत्र इस देश की अर्थव्यवस्था की रीढ है जिसके बल पर देश तरक्की कर रहा है। इस व्यवस्था में प्रत्येक कर्मी व अधिकारी पूरी तरह से पढा लिखा व समझदार होता है, वो जानता है कि मतदान हमारे देश की लोकतंत्रीय व्यवस्था में कितना योगदान रखता है।

## विकास उच्च विद्यालय, राजगढ़ का रिजल्ट रहा शानदार

# 19 बच्चे 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लिए, दीपक रहा अव्वल

■ प्रिंसिपल हरिराम स्वामी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की करते हुए बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा बोर्ड ऑफ़ स्कूल एजुकेशन द्वारा जारी 10वीं कक्षा के रिजल्ट में विकास उच्च विद्यालय, राजगढ़ भिवानी का परिणाम शत प्रतिशत। स्कूल के कुल 42 बच्चों में से 19 बच्चे 90 प्रतिशत से ज्यादा और 33 बच्चों के 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये।

छात्र दीपक पुत्र सतबीर ने 97.8 प्रतिशत, स्नेहा पुत्री प्रवीत ने 97.6 प्रतिशत, दीपक पुत्र शिव कुमार 96.8 प्रतिशत, लक्षिता पुत्री सुनील कुमार 96.8 प्रतिशत, साक्षी पुत्री शौकराज 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्रिंसिपल हरिराम स्वामी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की हर क्षेत्र में टॉप करना इस स्कूल के बच्चों की आदत बन चुकी है। स्कूल प्रिंसिपल हरिराम स्वामी ने सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया और भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल हरिराम स्वामी ने सभी टॉपर छात्रों का स्कूल में गर्म जोशी से स्वागत किया और बच्चों को तथा उनको पढ़ाने वाले टीचर्स को फूलमाला पहना कर सम्मानित किया तथा इस शानदार उपलब्धि पर सभी का मुँह भी मीठा करवाया। कई बच्चों ने कुछ विषयों में पूरे अंक हासिल किए।

इस अवसर पर स्कूल में संध्या, सोना देवी, उर्मिला, विजय कुमार व अन्य सभी टीचर्स और अभिभावक मौजूद रहे। सभी विद्यार्थियों ने इस खुशी के अवसर पर अपने साथ लाई गई मिठाई से अपने टीचर्स का मुंह मीठा कराया और उनका आशीर्वाद लिया।



भिवानी। बेहतरीन रिजल्ट आने पर विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए।

## संडवा स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**तोशाम।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किए परीक्षा परिणाम में 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम के बाद गांव संडवा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। उल्लेखनीय है कि गत दिनों हरियाणा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया था, जिसमें गांव संडवा के राजकीय वमा विद्यालय के 19 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया था। विद्यालय की चार छात्राओं ने भूगोल विषय में पूरे 100 अंक प्राप्त किए व सुमित कुमारी ने इतिहास में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया,जिसमें गांव संडवा के राजकीय वमा विद्यालय का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की सीमा ने 429 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, नेहा ने 422 अंक द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में 24 विद्यार्थियों में से चार छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

## सिटी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल का उत्कर्ष रहा परिणाम, विद्यार्थियों ने रच डाला इतिहास

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के सिटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम बड़ा उत्कर्ष रहा। सत्र 2023. 24 का परीक्षा परिणाम बोर्ड द्वारा घोषित किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र.छात्राओं ने बाजी मारी। सीनियर सेकेंडरी परीक्षा में कुल 125 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे सभी बच्चे ने अच्छे अंकों से सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर योगिता ने प्रथम स्थान पर रही तो साक्षी 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे व तीसरे स्थान पर रिया 94.6 प्रतिशत रहे। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहने पर प्रबंधक कमेटी व प्राचार्य मनमोहन सिंह ने छात्रों को बधाई दी व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल स्टाफ सदस्यों ने भी सफल होने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। वहीं समाजसेवी मनोज यादवए रमेश जाखड़ए जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि उनके विद्यालय में 12वीं कक्षा के 124 बच्चों ने परीक्षा दी जिसमें पास प्रतिशत 97.58 रहा जिसमें 90 प्रतिशत से अधिक 12 प्रथम डिवीजन 103 और दसवीं की परीक्षा में 108 बच्चों ने परीक्षा दी जिसमें पास प्रतिशत 98.19 रहा। 90 प्रतिशत से अधिक 4 व प्रथम डिवीजन 69 रहे। सभी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय में खुशी का माहौल रहा।



## मेधावी बच्चों का फूल-मालाओं किया अभिनंदन

**तोशाम।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गांव कैरु के आदर्श वमा विद्यालय के विद्यार्थी नितिन किशोर ने 500 में से 493 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर छठा स्थान प्राप्त करने पर तथा 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय चेयरमैन रामकुमार बंगालिया ने फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। उन्होने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बच्चों की अविराम मेहनत, लगनशीलता और अनुशासन का फल है। प्राचार्य एसएन पालीवाल ने बताया कि 79 विद्यार्थियों से 12 छात्रों ने 95 प्रतिशत, 18 ने 90 प्रतिशत तथा 24 ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।



## भाजपा सरकार गरीबों के हितों की रक्षा करने में रही विफल : राव दानसिंह

■ इंडिया गंठबधन के प्रत्याशी राव दानसिंह ने सोमवार को लोहारू विसि क्षेत्र के विभिन्न गांवों को किया दौरा, ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

भाजपा सरकार देश में गरीब लोगों के अधिकारों और हितों की रक्षा करने में पूरी तरह से विफल रहीं। लोकसभा चुनाव-2024 में सत्ता में आने पर कांग्रेस जातियों, उप-जातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति की पहचान और गणना करने के लिए देशव्यापी जनगणना कराएगी। उक्त विचार महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा प्रत्याशी राव दानसिंह ने लोहारू विस क्षेत्र के गांव ढाणी छोला, गागड़वास, अहमदवास, बिसलवास, बारवास, झुपा खुर्द, झुपा कलां, सिंघानी, ढीगावा जाटान, कुडल बास, कुडल, बडदू चैना, अल्लाउदीन पुर, ढाणी लक्ष्मण, नैकीपुर, पहाड़ी, चहड कलां, चहड़ खुर्द में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान राव दानसिंह का गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। राव दानसिंह ने कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण भी देगी और विभिन्न केंद्र सरकार के विभागों में सभी 30 लाख रिक्तियां भरी जाएंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश में किसानों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। आए दिन कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है और यह आने वाले दिनों में और अधिक लोग जुड़ेंगे।देश की जनता भाजपा की सच्चाई जान चुकी है और उसने मन बना लिया है कि भाजपा को सत्ता से बाहर करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं के साथ अन्याय किया है। युवाओं को वादा करके भी उन्हें रोजगार नहीं दिया।



भिवानी। विद्यालय की संचालिका के साथ मेधावी विद्यार्थी।

## विद्या भारती हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

**भिवानी।** विद्या भारती हाई स्कूल कृष्णा कॉलोनी का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम में सराहनीय एवं शत प्रतिशत रहा। स्कूल में 40 बच्चों में से 18 बच्चों ने मेरिट में अपना नाम दर्ज करवाया। नीरज ने सर्वाधिक 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाने वालों में वंशिका, खुशी ग्रोवर, संजना, दीपांश, मोहित कुमार, निखिल, रिद्धि, निष्ठा, हिमांशी, भूमिका, निखिल पंवार, वर्षा, विश्वास, नैना, परी, पंकज, पुनीत शामिल है। विद्यालय की संचालिका शशि चौधरी व मुख्याध्यापिका मधु आर्या ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अच्छे परिणाम का श्रेय बच्चों और शिक्षकों की मेहनत को दिया।

# लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल देवसर का सीबीएसई का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के चेयरमैन त्रिलोकचन्द गोयल और एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि वाणिज्य, विज्ञान व कला संकाय के कुल 168 बच्चों ने परीक्षा दी, जिनमें से 29 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 78 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं 101 बच्चों ने मैरिट व 153 बच्चों ने प्रथम श्रेणी हासिल कर अभिभावकों व विद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय में आकाश ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रथम प्रयास में एनडीए व जेईई मेन की परीक्षा उत्तीर्ण की। वाणिज्य संकाय की कनिषा ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया व कला संकाय में सांचल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में मानवी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय व वंशिका ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।



भिवानी। स्कूल प्रबंधन के साथ मेधावी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## साक्षी ,श्वेता व तान्या ने पॉलिटिकल साइंस में 100 अंक प्राप्त किए

**बवानीखेड़ा।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर के बच्चों ने एक बार फिर अपने प्रतिभा को दर्शाते हुए अपने स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। स्कूल प्रिंसिपल नितीश मिश्र ने बताया कि स्कूल की सीबीएसई की कक्षा 12वीं कला संकाय की छात्रा साक्षी ने 96.8 एनॉन मेडिकल के छात्र प्रियांशु ने 95.8 ,मेडिकल संकाय की छात्रा तमन्ना ने 95.6 अंक प्राप्त किए। बारहवीं विज्ञान संकाय मे 5 बच्चों ने 90: से ज्यादा 11 बच्चों ने 80 से ज्यादा एवम कला संकाय में 6 बच्चों ने 90: से ज्यादा और 14 बच्चों ने 80: से ज्यादा अंक हासिल किए । 12वीं कक्षा के ही तीन छात्राओं साक्षी ,श्वेता व तान्या ने पॉलिटिकल साइंस में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए तो वहीं प्रियांशु ने कंप्यूटर साइंस में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।



बवानी खेडा के विख्यात श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा परिणाम अव्वल आने पर खुशी जाहिर करते हुए।

## लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दसवीं कक्षा का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**बवानीखेड़ा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के लिए सोमवार का दिन बड़े ही उत्साह और खुशी से भरा हुआ रहा बोर्ड द्वारा जारी किए गए दसवीं कक्षा का रिजल्ट शत.प्रतिशत रहने पर सभी अध्यापक और अभिभावक अपने आप को गौरव से भरा हुआ महसूस करते दिखाई दिए। विद्यालय से कुल 40 बच्चो ने परीक्षा दी जिसमे से 07 बच्चो ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय और अपने माता पिता का नाम रोशन किया। इन छात्रों में जयंत सुपुत्र सुरेंदर गाँव पुर अदिति जांगड़ा सुपुत्री नफे सिंह गाँव सुई साक्षी सुपुत्री महेंदर सिंह गाँव पुर आयुष गोयत सुपुत्र सुनील कुमार गाँव कुंगड कीर्ति सुपुत्री सतीश कुमार गाँव तालू वंशिका सुपुत्री मंदीप गाँव कुंगड़ और नेहा सुपुत्री जितेंदर गाँव तालू रह। कुल 18 बच्चो ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये और 13 बच्चो ने बोर्ड मेरिट प्राप्त कर के अपनी मेहनत का लोहा मनवाया।



## शौर्य मल्होत्रा, कशिश और मधुर पाहुजा ने गणित में 100 अंक लिए

**भिवानी।** भिवानी पब्लिक स्कूल का सीबीएसई 12वीं के तीनों संकाय एवं 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत रहा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के कला संकाय मे वंशिका ने 97.6 प्रतिशत अंक लेकर बाजी मारी। वहीं वाणिज्य संकाय में ऋषिता 97 प्रतिशत अंक से प्रथम एवं विज्ञान संकाय में स्वाति निम 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम रही। विज्ञान संकाय में निशांत 93.2 प्रतिशत से द्वितीय, आदित्य परमार 92.8 से तृतीय,जय 92.2 से चौथे स्थान पर रहे। कला संकाय में धनंजय से 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त के द्वितीय वृंदा सोनी ने93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य संकाय में ओमकार 90% अंक से द्वितीय, मंशा 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दसवीं में शौर्य मल्होत्रा ने 98.2% अंक लेकर प्रथम स्थान, आर्णव भारद्वाज और कशिश ने 95.6% अंक प्राप्त करके द्वितीय प्राप्त किया है। विद्यालय में 25 विद्यार्थियों ने 90%से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। शौर्य मल्होत्रा, कशिश, मधुर पाहुजा ने गणित में 100 अंक, शौर्य ने विज्ञान में 100 अंक प्राप्त किए हैं।



## बीके वमावि के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई के परीक्षा परिणामें में फिर से परचम लहराया। सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं व 12वीं की परीक्षा परिणाम में बीके स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस वर्ष 10वीं से 89 व 12वीं कक्षा से 59 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। विद्यालय का परिणाम शत .प्रतिशत रहा। 10वीं से 39 व 12वीं से 17 विद्यार्थियों ने बोर्ड मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। 10वीं कक्षा की परीक्षा में विद्यालय के छात्र गर्वित व खुशी ने सर्वाधिक 96.4, जतिन ने 96 व दीपिका ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 12वीं कक्षा की परीक्षा में विद्यालय की छात्रा स्नेहा ने सर्वाधिक 93.6, प्रांजल भोटिया ने 93.4 प्रतिशत व मुस्कान ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# केंद्र व प्रदेश सरकार ने विकास को लगाए पंखः राव

■ केबिनेट मंत्री राव इंद्रजीत ने भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह की खुलकर की वकालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ/भिवानी

केबिनेट मंत्री राव इंद्रजीत ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने मिलकर तरक्की के मामले में हरियाणा प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने वादे मुताबिक लोगों को अच्छे व सुनहरे दिन उपलब्ध करवाए हैं। भाजपा सरकार की आयुष्मान योजना प्रधानमंत्री आवास योजना किसान सम्मान निधि योजना व उज्ज्वला योजना के साथ ही देश व प्रदेश में सड़कों के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए है। जिसका जमीनी स्तर पर आमजन को लाभ मिला है। यही नहीं युवाओं को बगैर पर्ची व बगैर खर्ची के रोजगार मिला है। ऐसे में वे जनता से अपील करते है कि 25 मई को लोकसभा के चुनाव में जनता कमल के निशान पर मोहर लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को चरित्रार्थ करने का कार्य करें। केबिनेट मंत्री ने जनसभा को संबोधित करते राव इंद्रजीत ने कहा कि 23 मई को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महेंद्रगढ़ में पहुंचेंगे तथा भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह के पक्ष में प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि राव दान सिंह मेरा रिश्तेदार होकर भी मेरा साथ छोडक़र हुड्डा के पास चला गया तथा धर्मबीर सिंह जाट होकर भी मेरे साथ खड़ा है। इस मौके पर भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह, मंत्री बनवारी लाल, पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, विधायक सीताराम व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, विधायक लक्ष्मण यादव ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की बात कही। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा के सोशल मीडिया प्रभारी दीपक कुमार वशिष्ठ, कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विद्यानंद लांबा, कर्मचारी प्रकोष्ठ के सह संयोजक सुरेश कुमार वशिष्ठ, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधीर दीवान, जिला उपाध्यक्ष यतेंद्र राव, पूर्व प्रदेश मंत्री जसवंत बबलू, जिला प्रभारी गार्गी कक्कड, मंडल अध्यक्ष अतर सिंह, ब्लॉक समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश, पूर्व जिला अध्यक्ष शिवकुमार मेहता, मनीष राव,रोशनलाल यादव, मीडिया प्रमुख सोनू सैनी सहित भाजपा के सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ प्रमुख, पालक सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## आर्य स्कूल के छात्र फिर छाए, स्टाफ ने दी बधाई

**लोहारू।** ढिगावा कस्बा स्थित आर्य वमा विद्यालय का बारहवीं व दसवीं कक्षा का सीबीएसई परिणाम पिछले सालों की तरह इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा। 12वीं कक्षा में 171 विद्यार्थियों में से 46 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की है तथा 16 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अलावा 30 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए हैं। प्राचार्य राजबीर आर्य ने बताया कि बारहवीं में विज्ञान संकाय में स्नेहा मान ने 500 में से 488 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रितिका ने 480 अंक लेकर द्वितीय तथा श्रद्धा ने 476 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य संकाय में आशा ने 500 में से 458 अंक प्राप्त कर प्रथम, प्राची ने 449 अंक प्राप्त कर द्वितीय व दीपक अग्रवाल ने 442 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कला संकाय में दीपांशी ने 500 में से 478 अंक प्राप्त कर प्रथम, रितु ने 434 अंकों के साथ द्वितीय व सिमरन ने 433 अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।

## 17 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की



**भिवानी।** चांग के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्राओं ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्राओं के बेहतरीन प्रदर्शन करने पर स्कूल में छात्राओं के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं को सम्मानित किया। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की प्राचार्या डॉ. दुर्गेश नंदनी ने बताया कि 44 छात्राओं ने बोर्ड की परीक्षा दी थी तथा 17 छात्राओं ने मेरिट सूची में जगह बनाई है। कुमारी प्रिया सुपुत्री दीपचंद ने 449/500 अंकर प्रथम स्थान हासिल किया।

## दिल्ली वर्ल्ड स्कूल में का परिणाम उत्कृष्ट



**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा बारहवीं का सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। सत्र 2023-24 कक्षा-12वीं में तीनों संकायों के 63 विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा दी थी। वाणिज्य संकाय के संयम ने 97.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। वहीं 96.6 प्रतिशत अंक लेकर ध्रुव दूसरे व 96.2% अंक प्राप्त कर मुस्कान पराशर तृतीय स्थान कर रही। विज्ञान संकाय में अर्पित ने 96% अंक प्राप्त कर प्रथम, 93.4% अंक प्राप्त कर शकीन दूसरे व 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चिराग तंवर तृतीय स्थान पर रहे। कला संकाय में होमी ने अधिकतम 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया। 16 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है एवं 35 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन प्राप्त की है। पेंटिंग विषय में 13 विद्यार्थियों - ध्रुव, मुस्कान पाराशर, चेतन गर्ग, क्रिस गुलाटी ,माही श्रीवास्तव ,मौलिक गुप्ता, रजनीश, चिराग तंवर ,निशांत सरदाना, आयुष शर्मा, पल्लवी, नैंसी और वंशिका नागर ने 100 अंक प्राप्त कर प्रतिमान स्थापित किया।

## केएम स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत



**भिवानी।** केएम पब्लिक स्कूल का सीबीएसई कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत तथा दसवीं का परिणाम 99.56 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं से मेडिकल में धरा शर्मा ने 97.40 प्रतिशत नॉन मेडिकल में सक्षम वधवा ने 96 प्रतिशत, वाणिज्य विभाग में चारु ने 92.6 प्रतिशत तथा कला संकाय में विदुला ने 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने-अपने संकाय में शीर्ष स्थान पर रहे तथा तेरह विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। छात्रा मेघना ने इतिहास व राजनीति विज्ञान में 100, पेंटिंग में जितेश ने 100 तथा संस्कृत में आस्था बालवान ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दसवीं से 28 विद्यार्थियों में दिव्या भारद्वाज ने 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया।

## सरस्वती विद्या विहार ने लहराया परचम



**भिवानी।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा 10वीं व 12वीं कक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सरस्वती विद्या विहार सीसै स्कूल, आसलवास दुबिया ने परीक्षा परिणाम शत.प्रतिशत लाकर एक बार फिर इतिहास रच दिया और साबित कर दिया कि यहाँ के बच्चे किसी से कम नहीं है। सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाले विद्यार्थियों में 10वीं कक्षा से काजल ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, सिद्धार्थ ने 96.8 प्रतिशत अकं प्राप्त कर द्वितीय स्थान व कुनाल शर्मा ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बीसीएम स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**चरखी दादरी।** गांव रानीला स्थित बीसीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के वार्षिक परिणामों शानदार सफलता प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम को रोशन किया है। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 54 होनहारों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। होनहारों को स्कूल परिसर में प्रबंधन समिति अध्यक्ष जयभगवान शर्मा, सूरजमल व राजेंद्र शर्मा ने सम्मानित किया। प्राचार्य जगमोहन जांगडा ने बताया कि सभी 71 विद्यार्थियों ने परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया है, जिसमें प्रथम स्थान पर पूजा 494 अंक 98.8 प्रतिशत के साथ रही। दूसरे पर पायल 488 अंक 97.6 प्रतिशत, तीसरे नंबर पर पायल 487 अंक 97.4 प्रतिशत के साथ रही।

# जी लिट्रा वैली विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा



**भिवानी।** जी लिट्रा वैली विद्यालय का 12वी कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। सफलता के आयामों को हासिल करते हुए जी लिट्रा वैली वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम उ उत्कृष्ट रहा। विद्यालय में कक्षा बारहवीं के कुल 64 विद्यार्थी शामिल हुए सभी का परीक्षा परिणाम शत .प्रतिशत रहा। वाणिज्य संकाय में तुलसी अग्रवाल ने 97: अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में मुस्कान ने 94.02: अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व कला संकाय में विकास ने 85.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास सर्राफ ,उपाध्यक्ष सत्यनारायण मित्तल, प्रशासक एसके हलवासिया , प्राचार्या डॉ. सुमन यादव, ट्रस्टी अमन गर्ग, शैक्षणिक निर्देशिका दिव्या गर्ग ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों के अथक परिश्रम की सफलता पर बधाई दी।



## दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने तोड़ा एक बार फिर से रिकॉर्ड

**भिवानी।** पैरामाउंट स्कूल ऑफ साइंस खापड़वास के दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से रिकॉर्ड तोड के यह साबित कर दिया है की कोई भी कार्य असंभव नहीं है। अगर हम लगन व मेहनत के साथ अपना कार्य पूर्ण रूप से करे। 12 वीं की परीक्षा में निशु फौगाट ने 500 में 495 अंक हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल का बेहतरीन परिणाम स्कूल स्टाफ की बदौलत आया है। स्कूल के सभी बच्चे मेरिट लिस्ट की सूची में आए। बच्चों का कहना है की यह तभी संभव हो सका जब उन्हे उनके अध्यापक गण के द्वारा सही मार्ग दिखाया गया। बच्चों ने मैनेजमेंट व अध्यापक गण का दिल से शुक्रिया किया व यह दिलासा भी दिया की वह आगे भी पूरी मेहनत के साथ अपना कार्य करेंगे।

## सीबीएसई की दसवीं व बारहवीं के परिणाम में छाए एचडी स्कूल के विद्यार्थी



**चरखी दादरी।** सीबीएसई बोर्ड को दसवीं व बारहवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में एचडी स्कूल बिरोहड़ विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त की है। विद्यालय की प्राचार्या नमिता दास ने बताया कि दोनों कक्षाओं में सभी छात्रों ने अच्छे अंको से बाजी मारी। बारहवीं में अंजलि सुपुत्री संजय कुमार ढाणी फौगाट 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टॉपर रही। नेहा सुपुत्री उस्मान कुमार जाटू 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और मुस्कान सुपुत्री धर्मबीर सिंह झामरी 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, पलक महला सुपुत्री नरेश महला ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

## रॉयल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी छाए

**चरखी दादरी।** कस्बा बौंदकलां स्थित रॉयल इंटरनेशनल वमा विद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाणा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में काफी शानदार प्रदर्शन किया है। शत प्रतिशत परिणाम के साथ सभी 81 विद्यार्थी काफी अच्छे अंकों से पास हुए है। विद्यालय प्रबंधक गजेंद्र सिंह परमार व प्राचार्य उमेद सिंह चहल ने बताया कि प्रथम स्थान पर गांव रानीला निवासी शुभम पुत्र महेंद्र सिंह, 496 अंकों व 99.2 प्रतिशत के साथ रहा। वहीं अंकित पुत्र रोहताश 495 अंक 99 प्रतिशत द्वितीय व अंतिम पुत्री दलजीत सिंह बौंद कला ने तृतीय स्थान पाया। 18 बच्चों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए है।